झारखण्ड सरकार

वाणिज्य–कर विभाग

पत्र संख्या– वा0कर1 / विविध / 48 / 2010– 1655(A) / राँची, दिनांक – 5/7/11

प्रेषक,

अलका तिवारी
सचिव–सह–आयुक्त,
वाणिज्य–कर विभाग,
झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

सभी वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) / (अपील),
सभी अंचल प्रभारी।

विषयः– वाणिज्य–कर विभाग के ऑनलाईन भुगतान योजना भारतीय स्टेट बैंक के अतिरिक्त अन्य 6 लोक उपकम बैंकों यथा– **बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, इलाहाबाद बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं कॉरपोरेशन बैंक** के सम्मिलित होने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय परिपत्र संख्या 4767 दिनांक 09.12.2010 (ऑन–लाईन कर भुगतान समर्पित करने एवं तत्संबंधी मार्गदर्शन एवं प्रकिया के संबंध में)।

महोदय / महोदया,

विभागीय परिपत्र संख्या 4767 दिनांक 09.12.2010 द्वारा **अप्रैल, 2011** से सभी निबंधित व्यवसायियों के लिए ऑन–लाईन कर भुगतान करना **अनिवार्य** है। ऑन–लाईन कर भुगतान की सुविधा को व्यापक करने के उदेश्य से भारतीय स्टेट बैंक के अतिरिक्त अन्य 6 लोक उपकम बैंकों यथा – **बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, इलाहाबाद बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं कॉरपोरेशन बैंक** को विभागीय ऑन–लाईन कर भुगतान योजना में सम्मिलित किया गया है। तत्संबंधी सभी प्रकियाएं यथा– उक्त बैंकों तथा विभाग के मध्य Memorandum of Understanding (MOU) का हस्ताक्षरित होना तथा संबंधित सॉफ्टवेयर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। 05 जुलाई, 2011 से उपरोक्त सभी बैंक (इलाहाबाद बैंक छोड़कर) विभागीय ऑन–लाईन कर भुगतान योजना में सम्मिलित हो जाएंगे। इलाहाबाद बैंक अगस्त, 2011 से उक्त योजना में सम्मिलित हो सकेगा।

ऑन–लाईन कर भुगतान करने वाले व्यवसायियों के पास संबंधित बैंकों के इंटरनेट बैंकिंग खाते की सुविधा का होना आवश्यक है। संबंधित बैंकों के पोर्टल का विवरण निम्नवत् है :–

बैंक ऑफ इंडिया	www.bankofindia.co.in
पंजाब नेशनल बैंक,	www.pnbindia.com
इलाहाबाद बैंक	https://www.allbankonline.in
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,	www.unionbankonline.co.in
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	https://www.centralbank.net.in
कॉरपोरेशन बैंक	http://www.corpbank.com

ऑन–लाईन कर भुगतान समर्पित करने की विहित प्रकिया पूर्व निर्गत विभागीय परिपत्र संख्या 4767 दिनांक 09.12.2010 के पूर्णतः समान होगी।

विश्वासभाजन

A. Tiwari 5/7/11

सचिव–सह–आयुक्त
वाणिज्य–कर विभाग,
झारखण्ड, राँची।